देरी से आने वाले कर्मचारियों पर नाराजगी जताई, सफाई के दिए निर्देश

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने बुधवार सुबह चौपड़ा कटला स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने रोजगार कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, खनि अभियंता, राजस्थान वित्त निगम, जिला अल्पसंख्यक कार्यालय, खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय तथा प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि कार्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इससे कर्मचारी सकारात्मक सोच के साथ कार्यों को संपादित करेंगे।

इस दौरान उन्होंने कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, सर्विस बुक सहित विभिन्न शाखाओं के दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उन्होंने देरी से आने वाले कर्मचारियों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कर्मचारी कार्यालय समय पर आए तथा फाइलों का निस्तारण समयबद्ध करें। उन्होंने सभी कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष को निर्देशित किया कि नकारा समान की सूची बनाकर उनकी नीलामी करवाई जाए। इसके अतिरिक्त साफ सफाई करने के बाद इसकी रिपोर्ट भिजवाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक अपनी भागीदारी इसमें निभाए।

कुछ स्थानों पर सफाई की प्रभावी व्यवस्था नहीं होने को उन्होंने गंभीरता से लिया। उन्होंने सभी विभागों की कार्य प्रणाली और प्रगतिरत कार्यों के बारे में जाना। साथ ही कार्यालय अध्यक्ष को ऑफिस की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस दौरान सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार, सहायक निदेशक अरविंद आचार्य, जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा, खनि. अभियंता महेश चंद्र पुरोहित, सहायक लेखाधिकारी प्रथम भवानी शंकर किराडू आदि मौजूद थे।

सीमावर्ती क्षेत्र में धारा 144 दो माह के लिए बढ़ाई : जिले में सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध प्रवेश व अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के आदेश आगामी दो माह तक बढ़ाए हैं। आदेशानुसार जिले से लगने वाली अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करों, घुसपैठियों व अन्य असामाजिक तत्वों के अवैध प्रवेश व अन्य अवांछनीय गतिविधियों की आशंका तथा जिले की अन्तरराष्ट्रीय सीमा के निकट विभिन्न स्थानों में स्थित पीसीओ के माध्यम से आपराधिक व अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति इन केन्द्रों पर जाकर दूरसंचार के माध्यम से महत्वपूर्ण सूचनाएं उन लोगों को भेजे जाने की भी आशंका है, जो भूमिगत होकर देश व राज्य की सुरक्षा व लोक व्यवस्था के संधारण में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली गतिविधियों में लिप्त हैं।

इसके साथ ही सीमा के नजदीक पाकिस्तानी इलाके में लगे मोबाइल टावरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के अन्दर 3-4 किलोमीटर तक आने के कारण भी राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरे को देखते हुए पाकिस्तानी लोकल सिम का उपयोग करने या पीसीओ से सम्पर्क या सूचना देने आदि तथा रात्रिकालीन विचरण पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई गई है।

जिला मजिस्ट्रेट नम्रता वृष्णि के आदेशानुसार जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगते दो किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले निवासियों एवं उस क्षेत्र में प्रवेश व विचरण करने वाले निवासियों को निर्देशित किया गया है कि इस क्षेत्र के समस्त क्षेत्र जिसमें तहसील खाजूवाला एवं बज्जू के ग्राम बल्लर, गुलाम अलीवाला, सियासर चौगान, बेरियांवाली, करमवाला, गज्जेवाला, रणजीतपुरा, सांचू, अन्नेवाला, कबरेवाला, भूरासर व मगनवाला में रात्रि 7 बजे से प्रातः 6 बजे तक बिना वैध अनुमति के गमनागमन, विचरण व अन्य गतिविधियां पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगी। इस क्षेत्र में आवश्यक कार्यों हेतु वैध अनुमति समीपस्थ बीएसएफ व बीओपी से प्राप्त की जा सकेगी। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिले के बज्जू, पूगल, रणजीतपुरा, खाजूवाला व छतरगढ़ क्षेत्र में कोड संख्या 0092 (पाकिस्तान का टेलीफोन कोड नम्बर) किए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय कॉलों का रिकॉर्ड भारत संचार निगम द्वारा संधारण किया जायेगा।

संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने चौपड़ा कटला स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

- **संभागीय आयुक्त ने कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका, सर्विस बुक सहित विभिन्न शाखाओं के दस्तावेजों का निरीक्षण किया**

छात्रवृत्ति आवेदन अब 31 मई तक

बीकानेर, (कासं)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण करने, ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने तथा शिक्षण संस्थाओं द्वारा नवीन पंजीयन या पूर्व पंजीकृत की मान्यता एवं पाठ्यक्रम वार फीस स्ट्रक्चर अपडेट करने की अंतिम तिथि 31 मई तक बढ़ा दी गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विशेष समूह योजना, विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय एवं निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेशित या अध्ययनरत शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर अथवा मोबाईल ऐप के माध्यम से अब 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन पत्र भरने से पूर्व संबंधित विद्यार्थी को जाति प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र आय घोषणा पत्र एवं अन्य जानकारी जनाधार पोर्टल पर अपडेट करवानी होगी। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों को संबंधित विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मान्यता या सम्बद्धता एवं पाठ्यक्रम संचालन की अनुमति भी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अथवा अपडेशन निर्धारित अवधि में अवश्य करवानी होगी।

सार-समाचार

शिविर में 93 यूनिट रक्तदान

संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर में लोगों ने रक्तदान किया।

बीकानेर, (कासं)। ईश्वर ने हमें ये जो मानव जीवन दिया है इसका प्रत्येक पल मानवता के प्रति समर्पित हो सके, परोपकार का ऐसा सुन्दर भाव जब हमारे हृदय में उत्पन्न हो जाता है। तब वास्तविक रूप में समूची मानवता हमें अपनी प्रतीत होने लगती है। ये उद्गार सतगुरू माता सुदीक्षा ने मानव एकता दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मानव एकता दिवस का पावन अवसर बाबा गुरूवचन सिंह की मानवता के लिए की गई उनकी सेवाओं को समर्पित है। जिससे निरंकारी जगत का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेकर अपने जीवन का कल्याण कर रहा है। सन्त निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा सन्त निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन के द्वारा आज संपूर्ण भारतवर्ष के 207 स्थानों पर विशाल रूप में रक्तदान शिविर की श्रृंखलाओं का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 50 हजार यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इसी क्रम में मिशन की बीकानेर ब्रांच के द्वारा रानी बाजार स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जोनल इंचार्ज डॉ. संध्या सक्सेना ने स्वयं रक्तदान करके किया। पीबीएम हॉस्पिटल की टीम ने 93 यूनिट रक्त संग्रह किया। जिसमें बीकानेर एवं आस पास की ब्रांचों से भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर रक्तदान में हिस्सा लिया। रक्तदान के साथ ही खाजूवाला से पधारे संत पप्पू सिंह की अध्यक्षता में आध्यामिक सत्संग का भी आयोजन हुआ। जिसमें गीत भजनों और विचारों के माध्यम से मानवता के संदेश को प्रसारित किया गया। सत्संग का संचालन सुनील छाबड़ा ने किया। शिविर के दौरान अरूण सक्सेना, डॉ सुरेंद्र, कर्मवीर धवन, विनीत छाबड़ा, रमा छाबड़ा, पूजा खत्री, पूजा गक्खड़ आदि के मार्गदर्शन में सेवादारों ने अपनी सेवाएं दी।

'सतरंगी 2024' का आयोजन

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'सतरंगी में छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी।

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव 'सतरंगी-2024' का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जॉर्ज पी चैरियन, वीपीएम, मुख्य अभियंता, चेतक थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ अरूण कुमार ने की। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कुलपति डॉ अरूण कुमार ने अपने उद्बोधन में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य कर रहे हैं। साथ ही महाविद्यालय की 2021-22 की बीएससी, एमएससी व पीएचईडी की समस्त सीट भरने पर अधिष्ठाता को बधाई भी दी। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमल डुंकवाल, डॉ ममता सिंह और डॉ नम्रता जैन को मरूशक्ति के बाजरे से बने बिस्किट सामग्री को मिले पेटेंट को लेकर शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में अकादमिक पुरस्कार में प्रथम वर्ष सामुदायिक विज्ञान में दीक्षा, द्वितीय वर्ष में अंजली खेदर, तृतीय वर्ष में सुखमणि कौर व चतुर्थ वर्ष में यामिनी सारस्वत प्रथम रही। फूड एंड न्यूट्रिशन में प्रथम रही निकिता को पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ निवर्तमान छात्र पुरस्कार सुखमणि कौर को दिया गया। साथ ही सांस्कृतिक, खेलकूद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना में अव्वल रहने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमल डुंकवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन के बाद डॉ मंजू राठौड़ ने मंच संचालन करते हुए महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

विवाहिता को भगा ले गया

बीकानेर, (कासं)। विवाहिता को उसके घर से भगा ले जाने तथा शादीशुदा होने के बावजूद उसके साथ दूसरी शादी कर लेने का मामला बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। दरअसल पीड़ित पति ने इस आशय की रिपोर्ट थाने में दी है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा दिया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित पति मनोज सिंधी है। जो कि श्रीडूंगरगढ़ के बिग्गा बास स्थित सिंधी कॉलोनी का रहने वाला है। जबकि मामले में आरोपी काजल पुत्री गोरधनदास तथा किशनगढ़ निवासी आशीष हुडियावाल पुत्र पूरणमल है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी काजल के साथ हुई थी। दोनों बिग्गा बास सिंधी कॉलोनी स्थित मकान में रहते है। आरोप है कि 18 अप्रैल को आरोपी उसकी पत्नी काजल को भगा ले गया तथा यह जानते हुए कि काजल शादीशुदा है। इसके बावजूद उसके साथ शादी कर ली। आरोप लगाया है कि काजल घर से जाते-जाते घर से आभूषण भी चोरी करके अपने साथ ले गई।

नहरबंदी के दौरान हुए कार्यों को विधायक ने दी 'क्लीन चिट'

श्रीगंगानगर, (कासं)। गंगनहर में नहरबंदी के दौरान मरम्मत और साफ-सफाई में कथित रूप से भ्रष्टाचार को लेकर विधायक और भाजपा नेताओं ने परस्पर विपरीत बयान जारी किए हैं।

विधायक जयदीप बिहाणी ने प्रेस नोट जारी कर बंदी के दौरान हुए कार्यों को सही ठहराते हुए जल संसाधन विभाग को क्लीन चिट दे दी है। जबकि दूसरी ओर भाजपा नेता एडवोकेट प्रताप सिंह शेखावत और रजत स्वामी ने कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। शेखावत ने तो मामले की एसओजी से जांच करवाने तक की मांग कर डाली है। एडवोकेट शेखावत भाजपा विधि प्रकोष्ठ में सह संयोजक हैं।

वहीं एडवोकेट रजत स्वामी भाजयुमो के पूर्व पदाधिकारी हैं। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है और श्रीगंगानगर विधायक भी भाजपा के हैं। ऐसे में विधायक और भाजपा पदाधिकारियों की ओर से एक ही मुद्दे पर विरोधाभासी बयान जारी करना पार्टी में फूट की ओर इशारा कर रहे हैं। इलाके की जीवदायिनी गंगनहर की सार-संभाल के लिए हर साल की तरह इस बार भी 20 दिन की बंदी ली गई। इस दौरान नहर की मरम्मत व साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाने थे ताकि बंदी खुलने के बाद पूरे साल नहर में पानी निर्बाध रूप से बह सके। नहरबंदी के दौरान हजारों किसानों सहित आमजन को पानी के संकट का भी सामना करना पड़ा। लेकिन कड़वा सच तो यह है कि ऐसा नहीं हुआ। सिंचाई पानी के लिए मर-मिटने वाले सिान संगठनों के पदाधिकारियों ने भी इस बार चुप्पी साधे रखी। ना तो मौका-मुआयना किया और न ही कार्यों पर किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज करवाई।

नहरबंदी के बाद अब नहर में फिर से पानी प्रवाहित कर दिया गया है। लेकिन नहर बंदी के दौरान हुए कार्यों पर अब सवाल उठाते हुए भाजपा के पदाधिकारी कार्यों की जांच एसओजी से करवाने की मांग कर रहे हैं। विधायक ने अपने क्षेत्र में जल संसाधन विभाग को पूरी तरह क्लीन चिट देते हुए पंजाब इलाके में हुए नहर के कार्यों में गड़बड़ी का आरोप लगाया। विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि नहर बंदी के दौरान गंगनहर के पंजाब वाले हिस्से में सफाई के नाम पर कोई काम नहीं हुआ।

- **भाजपा पदाधिकारियों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, एसओजी से जांच की मांग की**

विवाहिता की मौत मामले ने तूल पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। नया शहर थाना इलाके वैद्य मघाराम कॉलोनी में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला अब तूल पकड़ता नज़र आ रहा है।

आज बीकानेर में कलेक्ट्रेट पर परिजनों ने मामले में कार्यवाही नहीं करने के आरोप के साथ विरोध प्रदर्शन किया। 17 अप्रैल को हुए इस मामले में पीहर पक्ष ने नयाशहर थाने में मामला दर्ज करवाया था। गिरफ्तारी की मांग को लेकर मोर्चरी के आगे प्रदर्शन भी किया था।

मनीषा सोनी की शादी 2021 में सोनू नाम के युवक से हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले मनीषा को आये दिन परेशान किया करते थे। ससुराल वालों का कहना है कि मनीषा को करंट लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं पीहर पक्ष ने आरोप लगाया कि मनीषा को करंट नहीं आया बल्कि उसके हाथ पर निशान मिले हैं।

पानी के लिए ग्रामीण टंकी पर चढ़े

बीकानेर, (कासं)। गर्मी की आहट के साथ ही पेयजल की किल्लत को लेकर हाहाकार मचना शुरू हो गया है। जिसके चलते अब आमजन की बजाय जनप्रतिनिधियों में विरोध के स्वर उठने लगे है और विरोध स्वरूप अपनी बात की सुनवाई के लिये पानी की टंकी पर चढ़ गये है।

जिले के नापासर कस्बे में पेयजल किल्लत को लेकर तीन सरपंच प्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए है। बेलासर, मूंडसर और सींथल ग्राम पंचायत क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। आज तीनों गांवों के सरपंच प्रतिनिधि पीएचईडी कार्यालय पहुंचे तो वहां से संतोषप्रद जवाब नहीं मिला तो ग्रामीण सहित सरपंच प्रतिनिधि टंकी पर चढ़ गए। सींथल सरपंच प्रतिनिधि एडवोकेट गणेश दान, मुंडसर सरपंच प्रतिनिधि चतराराम मूंड, बेलसर सरपंच प्रतिनिधि दीपाराम नायक सहित तीनों ग्राम पंचायत के ग्रामीण मौके पर मौजूद है। टंकी पर जान प्रतिनिधियों के चढने की खबर मिलने के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी टंकी के पास एकत्रित हो गये हैं।सरपंच प्रतिनिधि गणेश दान का कहना है कि पिछले कई महीनों से पीने का पानी तक सरकार नहीं दे पा रही है। गांवों में महिलाएं काफी दूर जाकर पानी ला रही है।

- **नापासर कस्बे में पेयजल किल्लत को लेकर तीन सरपंच प्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़ गए**

स्कूल वैन की टक्कर से बच्चे की मौत

बीकानेर, (कासं)। शहर के जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके में एक आठ साल के बच्चे को निजी स्कूल वैन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में बच्चे को उपचार के लिए पीबीएम अस्पताल ले गए लेकिन आज सुबह उसकी मौत हो गई। बच्चे की उम्र मात्र 8 वर्ष थी।

बच्चा अपने मामा के साले की शादी में शामिल होने बीकानेर आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पुत्र खेमाराम देवासी निवासी सुवाप आऊ जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना इलाके के हाजी मार्केट के पास मंगलवार सुबह अपने मामा के घर से बाहर निकला ही था कि तेज गति से आ रही एक निजी स्कूल की वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए पीबीएम के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंचे जहां आज सुबह उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

जय नारायण व्यास कॉलोनी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी वैन ड्राइवर के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **तेज गति से आ रही निजी स्कूल की वैन ने आठ साल के बच्चे को चपेट में ले लिया**

कैदी के पास मिला मोबाइल फोन

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर के केन्द्रीय कारागृह में कैदियों से मोबाइल मिलना अब सामान्य सी बात हो गई है। जेल के बैरकों से हर रोज मोबाइल मिलने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

उसके बावजूद भी जेल प्रशासन की ओर से कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है। जांच के दौरान फिर एक विचाराधीन बंदी से मोबाइल और सिम बरामद हुई है। इसको लेकर बीछवाल पुलिस में सुरक्षा प्रहरी रामजीलाल जारवाल की ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। जिसमें बताया है कि भिराज गोदारा पुत्र सोहन लाल निवासी वार्ड नं. 8 गांव मौलाणियों धीरेरा स्टेशन पुलिस थाना जामसर हाल गली नं. 18 रामपुरा बस्ती से एक मोबाइल फोन व सिम बरामद हुई है।

संदूक का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी

नोखा, (कासं)। पुलिस से बेखौफ चोरों ने सोमलसर में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर उसमें रखे 40 हजार नकदी और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।

चोरी की जानकारी परिजनों को तब हुई जब वह सुबह नींद से उठे तो देखा कि घर के अंदर रखी संदूक का ताला टूटा है और उसमें रखे जेवरात व रूपए गायब हैं। पीड़ित ने थाने पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। चोरी की सूचना मिलने के बाद पुलिस और बीकानेर से एफएसएल टीम घटना स्थल पर पहुंची और मौका-मुआयना कर चोरों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। वहीं गांव में चोरी की वारदात होने के बाद लोग दहशत में हैं।

नोखा के सोमलसर निवासी सहीराम पुत्र खेमाराम जाट ने रिपोर्ट में बताया कि वह परिवार सहित खेत पड़ौसी रामलाल गोदारा की ढ़ाणी में विवाह समारोह में शामिल होने गए थे। उसकी पत्नी ने सोने के आभूषण पहने थे। वहां से रात्रि में करीब 12 बजे वापस ढ़ाणी में आकर पहने आभूषण सोने की अंगूठी, सोने के टड्डे, सोने का फूलड़ा, कानों की बालियां आदि उतारकर घर की साल में रखी संदूक के अंदर ताला लगा दिया। बाद में साल के दरवाजे के ताला लगाकर घर के आगे बनी चौकी सो गए।

रात्रि 3 से 4 बजे के बीच चोर घर के पीछे की तरफ से रसोई की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए। बाद में घर की साल के दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर रखी संदूक के कब्जे तोड़े और उसमें रखे हुए लाखों के जेवरात व 40 हजार रूपए नकदी चोरी कर ले गए। वह सुबह 6 बजे उठा तो देखा कि घर के दरवाजे के ताले टूटे थे व कमरे में सामान बिखरा हुआ था।

- **रात्रि 3 से 4 बजे के बीच चोर घर के पीछे की तरफ से रसोई की खिड़की तोड़कर अंदर घुस गए**

दो प्राइवेट अस्पतालों के निरीक्षण में मिली कई खामियां, नोटिस के दिए निर्देश

हनुमानगढ़, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज हनुमानगढ़ में दो प्राइवेट अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां अनेक प्रकार की अव्यवस्थाएं देखने को मिली। निरीक्षण की कार्यवाही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक संतकुमार बिश्नोई ने की।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा विभाग को आज मिली एक शिकायत के आधार पर शियोल हार्ट केयर सेंटर का निरीक्षण किया गया। आकस्मिक निरीक्षण में शियोल हार्ट केयर सेंटर में कोई भी चिकित्सक नहीं मिला। वहां केवल दो दो नर्सिंग स्टूडेंट कार्यरत मिले। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दिल्ली निवासी डॉ. विमल छाजेड़ माह में एक बार सेंटर पर विजिट पर आते हैं। सेंटर की जांच में उनकी कोई भी विजिट नहीं मिली। इसके अलावा डॉ. महेन्द्र सिंह का भी पदस्थापित होना बताया गया लेकिन उन्होंने भी लिखकर दिया दिया हुआ है कि मैं इस सेंटर पर कार्य नहीं करता। सेंटर की जांच में पाया गया कि यहां पर बायो मेडिकल वेस्ट का भी सही प्रकार से निस्तारण नहीं हो रहा था। सेंटर पर काफी गंदगी एवं अव्यवस्थाएं भी पाई गई। जांच में पता चला कि बायो मेडिकल वेस्ट संग्रहण करने की गाड़ी भी काफी अंतराल बाद आती है।

निरीक्षण में सामने आया कि सेंटर ने अभी तक क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया गया था। डॉ. शर्मा ने बताया कि सेंटर भी नोटिस दिया जा रहा है। एक नोटिस डॉ. विमल छाजेड़, एक नोटिस डॉ. महेन्द्र सिंह एवं एक नोटिस बायो मेडिकल वेस्ट संग्रहण वाली कम्पनी को भी दिया जायेगा। इसके उपरांत टीम ने दीक्षा हार्ट केयर सेंटर का भी निरीक्षण किया। सेंटर के संचालन डॉ. निधि वाजपेयी द्वारा किया जा रहा था।

हनुमानगढ़ में सी.एम.एच.ओ. डॉ. नवनीत शर्मा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक संतकुमार बिश्नोई ने दो प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण किया।

- **सेंटर में बायो मेडिकल वेस्ट का भी निस्तारण नहीं हो रहा था**

अंगदान के लिए प्रेरित करने की विद्यार्थियों ने ली शपथ

बीकानेर, (कासं)। एमजीएसयू में अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग के नेतृत्व में बुधवार को विद्यार्थियों द्वारा अंगदान महादान जागरूकता रैली आयोजित की गई।

स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय विद्यार्थी अंगदान प्रेरणा अभियान-2024 के तहत आयोजित किया गया, जिसके तहत बैनर के साथ विद्यार्थियों ने पहले परिसर के समस्त छात्र-छात्राओं को अंगदान के लिए जागरूक किया।

उसके बाद एसोसिएट डीन डॉ. प्रभुदान चारण द्वारा विद्यार्थियों को समाज में अंगदान महादान की जागरूकता वी ज़रूरत को प्रचारित प्रसारित करने की शपथ दिलवाई गई। प्रकाशन समिति से पुस्तकालयाध्यक्ष उमेश शर्मा ने विद्यार्थियों से अंगदान की महत्ता को लेकर वार्ता की।

महारैली में अतिथि शिक्षक डॉ मुकेश हर्ष, डॉ रीतेश व्यास, डॉ गोपाल व्यास, डॉ नमामी शंकर आचार्य, जसप्रीत सिंह, रिंकू जोशी, राजेश चौधरी, भंवर कडेला आदि शामिल थे। जागरूकता रैली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सीमा राजपुरोहित के अलावा मोहम्मद अयान, राजेन्द्र, अक्षय, मेघा, सद्दाम आदि का विशेष योगदान रहा।

स्टूडेंट वेलफेयर डीन डॉ. मेघना शर्मा ने विद्यार्थियों को अंगदान के जागरूक किया।